RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 135 • 28:05:2024 • मंगलवार • मूल्य : 5/-

## नक्सलियों की धमकी के बाद वैद्यराज मांझी लौटाएंगे पद्मश्री

● कहा-इलाज भी कर देंगे बंद; 11 करोड़ खाने की बात गलत

**नारायणपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के पद्मश्री वैद्यराज हेमचंद्र मांझी ने सम्मान लौटाने का फैसला किया है। नक्सलियों ने उन पर निको माइंस में दलाली करने का आरोप लगाकर जान से मारने की धमकी दी है। इसके अलावा नक्सलियों ने नारायणपुर में दो मोबाइल टावर में भी आग लगा दी है। हालांकि इसके बाद गृह विभाग ने बाय कैटेगरी की सुरक्षा देने का आदेश दिया है।



मामला छोटे डोंगर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, ग्राम गौरदंड और चमेली गांव में रात करीब 12 बजे बीएसएनएल के टावरों में नक्सलियों ने आग लगा दी है। वहीं पर नक्सली बैनर और पोस्टर फेंककर गए हैं। इस पर पद्मश्री मांझी को देश से मार भगाने की बात कही है। इससे पहले नक्सली उनके भतीजे कोमल मांझी की भी हत्या कर चुके हैं।

पद्मश्री मांझी नक्सियों के डर के चलते करीब 6 माह से गांव छोड़कर शहर में रह रहे हैं। नक्सलियों से जान के खतरे को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने वैद्यराज को जिला मुख्यालय स्थित सेफ हाउस में सुरक्षा दी है। उन्होंने कहा है कि वह लोगों का इलाज भी बंद कर देंगे।

## नासा ने खोजा इंसानों के रहने लायक नया ग्रह, धरती पर बढ़ती आबादी की टेंशन खत्म!

**वॉशिंगटन ( एजेंसी)।** वैज्ञानिकों ने नासा के नासा के अंतरिक्ष दूरबीन का उपयोग करके एक आकर्षक दुनिया की खोज की है। यह पृथ्वी के आकार के बराबर है, हमारे सौर मंडल के काफी करीब है। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि इस ग्रह पर जीवन की संभावना हो सकती है। इस नए संभावित ग्रह को ग्लिसे 12 बी के नाम से जाना जाता है, जो वैज्ञानिकों की भाषा में एक्स्ट्रासोलर ग्रह या एक्सोप्लैनेट है। ग्लिसे 12 बी एक छोटे और ठंडे लाल बौने तारे की परिक्रमा करता है जो पृथ्वी से लगभग 40 प्रकाश वर्ष दूर मीन राशि में स्थित है।




**ग्लिसे 12 बी में 12.8 दिन जितना एक साल–** ग्लिसे 12 बी एक्सोप्लैनेट की खोज नासा के ट्रांजिटिंग एक्सोप्लेनेट सर्वे सैटेलाइट (टीईएसएस) के जरिए की गई है। इस एक्सोप्लैनेट की चौड़ाई पृथ्वी से लगभग 1.1 गुना होने का अनुमान है। यह चौड़ाई इस एक्सोप्लैनेट को हमारे ग्रह के साथ-साथ शुक्र के समान बनाता है, जिसे पृथ्वी की जुड़वा बहन कहा जाता है। ग्लिसे 12 बी अपने तारे, ग्लिसे 12 की इतनी करीब से परिक्रमा करता है कि उसका वर्ष केवल 12.8 पृथ्वी दिनों तक रहता है। हालाँकि, क्योंकि लाल बौना ग्लिसे 12 सूर्य के आकार का लगभग एक चौथाई है, यह हमारे तारे की तुलना में बहुत ठंडा भी है।

**ग्लिसे 12 बी पर जीवन जैसा वातावरण-** इसका मतलब यह है कि, भले ही ग्लिसे 12 बी अपने लाल बौने तारे से सूर्य और पृथ्वी के बीच की दूरी के केवल 7 प्रतिशत के बराबर दूरी पर है, फिर भी यह अपने ग्रह प्रणाली के रहने योग्य क्षेत्र में है। इस क्षेत्र को गोल्डीलॉक्स ज़ोन के रूप में भी जाना जाता है। यह रहने योग्य क्षेत्र एक तारे के आसपास का क्षेत्र है जो ग्रहों के लिए तरल पानी की मेजबानी करने के लिए न तो बहुत गर्म है और न ही बहुत ठंडा है। हालांकि, महत्वपूर्ण बात यह है कि ग्लिसे 12 बी की खोज के पीछे की दो टीमें अभी तक निश्चित रूप से नहीं कह सकती हैं कि क्या इसका माहौल है। इसलिए यह अस्पष्ट है कि क्या दुनिया रहने योग्य हो सकती है, लेकिन शोधकर्ताओं के पास कुछ सतर्क आशावाद है।

## पुणे पोर्श केस : नाबालिग के पिता ने डॉक्टरों से ब्लड सैंपल बदलवाया

● शराब की बात छिपाने के लिए घूस दी, सैंपल डस्टबिन में फिंकवाया

**पुणे(एजेंसी)।** पुणे पोर्श एक्सीडेंट केस में सोमवार (27 मई) सुबह क्राइम ब्रांच ने दो डॉक्टर्स समेत तीन को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि अरेस्ट किए गए ससून जनरल हॉस्पिटल के फोरेंसिक डिपार्टमेंट के हेड डॉ. अजय तावरे और डॉ. श्रीहरि हैलनोर पर नाबालिग आरोपी का ब्लड सैंपल बदलने का आरोप है। तीसरे आरोपी का नाम अतुल घटकांबले है। उस पर आरोप है कि उसने डॉक्टरों की मदद की।



पुलिस कमिश्नर अमितेश कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि नाबालिग आरोपी के पिता विशाल अग्रवाल ने डॉक्टरों को ब्लड सैंपल बदलने के लिए घूस दी थी। डॉक्टरों ने ओरिजिनल ब्लड सैंपल डस्टबिन में फेंककर किसी अन्य शख्स का सैंपल लेकर रिपोर्ट बनाई, जिससे नाबालिग के नशे में होने की बात छिपाई जा सके।

### प्रियंका गांधी बोलीं-

## आपदा में मोदी एक बार भी हिमाचल नहीं आए

**शिमला (एजेंसी)।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने सोमवार को हिमाचल प्रदेश में 2 जनसभाएं की। पहली जनसभा चंबा में और दूसरी शाहपुर में की। इस दौरान उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मोदी कहते हैं कि हिमाचल मेरा दूसरा घर है, लेकिन वह यहां आपदा में एक बार नहीं आए। मोदी ने धनबल से हिमाचल सरकार को गिराने की कोशिश की।



उन्होंने कहा कि जो प्रधानमंत्री इस तरह की साजिश करे। ऐसी भ्रष्ट साजिश करने वालों के मन में हिमाचल के प्रति आदर नहीं हो सकता। ऐसे लोगों का मकसद किसी भी हालत में सत्ता को अपने हाथों में रखना है।

**अडानी तय कर रहे कि सेब का दाम क्या होगा–** उन्होंने कहा कि हिमाचल में आज सारे कोल्ड स्टोर किसके हैं, ये सभी अडानी के हैं। अडानी तय कर रहे कि सेब का दाम क्या होगा।

## पश्चिम बंगाल में चक्रवात 'रैमल' ने मचाया कोहराम

● छह की मौत, पेड़-खंभे उखड़े, दो लाख लोगों ने ली राहत शिविरों में शरण ● कोलकाता एयरपोर्ट पर 21 घंटे बाद उड़ानें शुरू

**कोलकाता (एजेंसी)।** खतरनाक चक्रवाती तूफान रेमल रविवार रात 8.30 बजे पश्चिम बंगाल के कैनिंग और बांग्लादेश के मोंगला में 135 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आया। लैंडफॉल 4 घंटे तक चला। इस दौरान तटीय इलाकों उत्तर और दक्षिण 24 परगना, पूर्वी मेदिनीपुर, दीघा, काकद्वीप, जयनगर, कोलकाता, हुगली और हावड़ा में 60 किमी की रफ्तार से हवाएं चली और बारिश हुई। तूफान से पश्चिम बंगाल के दक्षिणी तटीय इलाकों के 24 ब्लॉक और 79 वार्ड प्रभावित हुए। इन इलाकों के 15 हजार घरों को नुकसान हुआ है। राजधानी कोलकाता में 100 से ज्यादा पेड़ और बिजली के खंभे उखड़ गए। सड़कों पर पानी भर गया। अभी तक 6 लोगों की मौत की खबर थी। दो लाख लोगों ने राहत शिविरों में शरण ले रखी थी।









कोलकाता के सुभाष चंद्र बोस एयरपोर्ट पर 21 घंटे बाद फ्लाइट सर्विस दोबारा शुरू हो गई है। तूफान से पहले रविवार को इसे बंद किया गया था। 394 फ्लाइट्स कैंसिल हुई थीं। बांग्लादेश में भी तूफान का जबरदस्त असर है। ढाका के सोमोय टीवी के मुताबिक, बांग्लादेश में तूफान के कारण 7 लोगों की मौत हो गई। सरकार ने 1.5 करोड़ लोगों के घरों की बिजली काट दी है। मौसम विभाग के मुताबिक, गंभीर चक्रवाती तूफान 'रेमल' सोमवार सुबह कमजोर होकर एक चक्रवाती तूफान में बदल गया है।

### प्रज्वल रेवन्ना ने कहा

## मेरे खिलाफ रची गई राजनीतिक साजिश, 31 मई को एसआईटी को बताऊंगा पूरा सच

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक की हासन सीट से जेडीएस के लोकसभा सांसद प्रज्वल रेवन्ना यौन उत्पीड़न मामले में 31 मई को स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) के सामने पेश होंगे। देश छोड़ने के ठीक एक महीने बाद सांसद प्रज्वल रेवन्ना ने कहा कि वह एसआईटी जांच में सहयोग करने के लिए तैयार हैं और 31 मई को अपने खिलाफ मामलों की जांच कर रही विशेष जांच टीम के समक्ष पेश होंगे। एक वीडियो जारी कर पज्वल ने कहा कि मैं शुक्रवार 31 मई को सुबह 10 बजे व्यक्तिगत रूप से एसआईटी के समक्ष उपस्थित होऊंगा और जांच में सहयोग करूंगा। मैं अपने ऊपर लगे सभी आरोपों का जवाब दूंगा। मुझे न्यायालय पर भरोसा है।

## पूरे उत्तर भारत में गर्मी का कहर

● पाकिस्तान बॉर्डर पर बीएसएफ जवान की लू से मौत ● 6 राज्यों में हीटवेव का रेड, 3 में यलो अलर्ट



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सोमवार को नौतपा का तीसरा दिन था। बीते 2 दिन में राजस्थान के फलोदी में तापमान सबसे ज्यादा दर्ज किया गया। नौतपा के पहले दिन यहां तापमान 50 डिग्री, जबकि दूसरे दिन 51 डिग्री रहा। जम्मू में भी तापमान 42 डिग्री और हिमाचल के ऊना में 44.4 डिग्री तक पहुंच गया।

सोमवार को जैसलमेर में भारत-पाक सीमा पर तैनात बीएसएफ जवान की लू लगने से मौत हो गई। अजमेर के केकड़ी में भी 80 साल के बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया। राजस्थान में 4 दिन में गर्मी से मरने वालों की संख्या 27 हो चुकी है। बिहार में भी नगालैंड के जवान की हीट स्ट्रोक से मौत हुई है। रविवार को पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में 37 जगहों का तापमान 45 डिग्री या उससे ज्यादा दर्ज किया गया। एक दिन पहले यानी शनिवार को देश में सिर्फ 17 जगहों का तापमान 45 डिग्री या उससे ज्यादा था। मौसम विभाग ने अगले दो दिन के लिए राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश में भीषण हीटवेव का रेड अलर्ट जारी किया है। जबकि मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात में अलग-अलग इलाकों में हीटवेव का यलो अलर्ट जारी किया है।

### फलोदी देश का सबसे गर्म शहर, तापमान 51डिग्री

**गर्मी को लेकर एडवाइजरी जारी–** असम डीजीपी ने लोगों से अपील की- अपने घर के पास तैनात पुलिसवालों को पानी ऑफर करें। जरूरत पड़ने पर उनकी बोतलों को रीफिल करने में मदद करें।



### सिग्नल पर राहत

एमपी ट्रैफिक पुलिस ने इंदौर के चौराहों पर रेड लाइट का ड्यूरेशन कम कर दिया, ताकि लोगों को धूप में कम रुकना पड़े। आगरा, भोपाल, जोधपुर, लखनऊ समेत कई शहरों में चौराहे पर टेंट लगाए गए हैं, ताकि सिग्नल के इंतजार में उन्हें राहत मिल सके।

### अमित शाह बोले-

## आतंकियों और पत्थरबाजों के परिवार को जम्मू-कश्मीर में सरकारी नौकरी नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर में किसी भी आतंकवादी के परिवार के सदस्य या पत्थरबाजों के करीबी रिश्तेदारों को सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी।

मीडिया से बातचीत में शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने न केवल आतंकवादियों को निशाना बनाया है बल्कि आतंकियों के इको सिस्टम भी खत्म कर दिया है। इसी कारण देश में आतंकवादी घटनाओं में भारी गिरावट आई है। शाह ने कहा कि हमने निर्णय लिया है कि यदि कोई आतंकवादी संगठन में शामिल होता है, तो उसके परिवार के सदस्यों को कोई सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी। शाह ने कहा कि इसी तरह अगर कोई पत्थरबाजी करेगा तो उसके परिवार के सदस्यों को भी सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी।



उन्होंने कहा कि कुछ मानवाधिकार कार्यकर्ता फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट गए लेकिन अंत में सरकार की जीत हुई। हालांकि, गृह मंत्री ने कहा कि अगर किसी परिवार का कोई व्यक्ति आगे आता है और अधिकारियों को सूचित करता है कि उसका करीबी रिश्तेदार आतंकवादी संगठन में शामिल हो गया है तो सरकार उस मामले में विचार करेगी। उन्होंने कहा कि ऐसे परिवारों को राहत दी जाएगी।

## दिल्ली सीएम के पीए की जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्वाति मालीवाल से मारपीट केस में सोमवार को केजरीवाल के पीए बिभव कुमार की जमानत याचिका पर तीस हजारी कोर्ट में सुनवाई हुई। बिभव ने 25 मई को कोर्ट में याचिका लगाई थी। सुनवाई के



दौरान स्वाति भी कोर्ट में मौजूद रहीं। सीएम के पीएम की जमानत याचिका खारिज हो गई है। बिभव के वकील हरिहरन ने सुनवाई के दौरान आरोप लगाया कि जब सेंसेटिव बॉडी पार्ट्स पर चोट के निशान नहीं मिले तो गैर इरादतन हत्या की कोशिश का सवाल ही नहीं है। न ही बिभव का स्वाति को निर्वस्त्र करने का कोई इरादा था।

### बिहार में राहुल गांधी ने कहा

## भारत के सैनिकों को मोदी ने मजदूर बना दिया

सरकार बनते ही अग्निवीर योजना को खत्म करेंगे

**पटना (बिहार) (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार पर भारत के सैनिकों को मजदूरों में बदलने का आरोप लगाया। इसके साथ ही उन्होंने 4 जून को सत्ता में आने के बाद अग्निवीर योजना को खत्म करने का वादा किया।



बिहार के बख्तियारपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा, अग्निवीर योजना के माध्यम से केंद्र सरकार ने भारत के सैनिकों को मजदूर बना दिया है। हम अग्निवीर को रद कर देंगे और जैसा पहले होता था वैसा ही करेंगे। भारत का हर युवा जानता है कि अग्निवीर का मतलब भारत के सैनिकों को मजदूर बनाना है।

अग्निपथ योजना जून 2022 में केंद्र द्वारा अनावरण किया गया अल्पकालिक रक्षा भर्ती मॉडल है। अग्निपथ योजना की घोषणा केंद्र ने जून 2022 में की थी।

## राजकोट गेम जोन हादसे पर.. हाईकोर्ट की फटकार

● हमें सरकार और उसके तंत्र पर भरोसा नहीं... ● अफसरों की आंखें बंद थीं, या फिर सो रहे हैं?

### गेम जोन बिना परमिशन चल रहे, यह बात 28 मौतों के बाद पता चली

**राजकोट (एजेंसी)।** राजकोट टीआरपी गेम जोन हादसे की सुनवाई करते हुए गुजरात हाईकोर्ट ने राजकोट महानगरपालिका प्रशासन को जमकर फटकर लगाई। कोर्ट ने कहा- बच्चों समेत 28 लोगों की मौत के बाद आपको अब पता चल रहा है कि शहर में दो गेमिंग जोन बिना परमिशन के चल रहे हैं। क्या आप अंधे हो गए हैं, या फिर सो रहे हैं? राजकोट में गेमिंग सेंटर अनधिकृत परिसर में बनाया गया था और फायर सेफ्टी की एनओसी भी नहीं थी और यह सब कुछ पिछले चार साल से चल रहा था। अब हमें नगर प्रशासन और गुजरात सरकार पर बिल्कुल भरोसा नहीं रहा। कोर्ट ने कहा- यह त्रासदी आंखें खोलने वाली है, सबसे दुखद बात यह है कि इसमें मासूम बच्चों की भी मौत हुई है।

**6 अधिकारी सस्पेंड** – उधर, गुजरात सरकार ने सोमवार को घटना को लेकर लापरवाही बरतने के आरोप में 6 अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया है।

### परिवार वालों का सब्र टूटा, दो दिन से अस्पताल के चक्कर लगा रहे, बोले- शरीर नहीं तो उसके टुकड़े ही दे दो

बीती 25 मई की शाम राजकोट के टीआरपी गेम जोन में आग लगने से 28 लोगों की मौत हो गई है। भीषण आग में शव इस कदर झुलस गए हैं कि उनकी पहचान डीएनए के जरिए की जा रही है। आज सुबह 5 लोगों के शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए। शवों के लिए अन्य परिवार दो दिनों से सिविल और एम्स अस्पताल के चक्कर लगा रहे हैं।



राजकोट सिविल अस्पताल में अब बड़ी संख्या में मृतकों के परिजन जमा हैं। डॉक्टर्स से सही जवाब न मिलने पर कई लोग आक्रोशित हो गए। लोगों की पुलिस प्रशासन से भी नोकझोंक हुई। आक्रोशित लोगों ने कहा– हमारे अपनों की जान ते ले ली। अब उनकी लाश भी नहीं दे पा रहे हैं। शरीर नहीं तो उनके टुकड़े ही दे दे। सिविल अस्पताल के पोस्टमार्टम रूम के बाहर भी बड़ी संख्या में लोग जमा हैं। यहां मौजूद एक रिश्तेदार ने नाराजगी जताते हुए कहा, हम सिस्टम से सिर्फ यह कह रहे हैं कि आपने लापता व्यक्ति को ढूंढने के लिए क्या किया? हमने डीएनए टेस्ट भी दिया है, लेकिन अब तक रिपोर्ट क्यों नहीं आई। हम यहां प्रशासन से पैसे नहीं, अपनों की लाशें लेने आए हैं। हमारा सवाल यह है कि हमें क्या करना चाहिए? सभी अधिकारी बस पांच मिनट, दस मिनट कहकर आगे निकल जाते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अपराधियों ने युवक की गोली मार कर हत्या की, इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ा, कई मामलों में आरोपी था

**पटना।** पटना सिटी के खाजेकला थाना क्षेत्र के शेखा के रोज के नजदीक रविवार की देर रात अपराधियों ने एक युवक को गोली मार दिया। आनन-फानन में लोगों ने युवक को इलाज के लिए पटना के नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना के बाद पूरे इलाके में सनसनी का माहौल कायम हो गया। घटना की सूचना पाकर खाजेकला थाना प्रभारी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। मामले की छानबीन शुरू कर दी है। घटना की पुष्टि करते हुए पटना सिटी के पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी 2 डॉ गौरव कुमार ने बताया कि मृतक युवक की पहचान सोनू कुमार 35 वर्ष के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि सोनू कुमार का भी आपराधिक इतिहास रहा है। रविवार की देर रात सोनू कुमार अपने घर के नजदीक बैठा था। इसी क्रम में चार की संख्या में अपराधी मौके पर पहुंचे और सोनू ताबड़तोड़ कई गोलियां चला दी। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से पैदल ही फरार हो गए। गोलीबारी की आवाज सुनने के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल सोनू को इलाज के लिए पटना के नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी। घटना को लेकर पटना सिटी के पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी डॉक्टर गौरव कुमार ने बताया कि सोनू कुमार का भी पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरा को भी खंगाला जा रहा है। घटनास्थल से पुलिस ने गोली के कई खोखे बरामद किए हैं।



### लालू ने मुसलमानों से अपनी गुलामी कराई, पटना में ओवैसी का तीखा हमला

**पटना।** AIMIM के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने रविवार को पटना में लालू यादव और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा है। पालीगंज में एक सभा का संबोधित करते हुए ओवैसी ने कहा कि लालू यादव और तेजस्वी यादव मुसलमान को अपना गुलाम समझते है। ओवैसी पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र में अपने प्रत्याशी फारूक राजा उर्फ डब्ल्यू के लिए वोट मांगने पहुंचे थे। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लालू यादव ने बहुत दिनों तक मुसलमान से अपनी गुलामी करवाई है। अब AIMIM बिहार में आयी तो उनकी नींद उड़ गई है। इसलिए अब झूठ फैलाना शुरू कर दिए हैं कि असदुद्दीन ओवैसी बीजेपी का एक एजेंट है। उन्होंने आगे कहा कि जब किशनगंज में चुनाव हो रहे थे। लालू यादव ने वीडियो जारी कर कहा कि मुसलमान कांग्रेस को वोट दें। ओवैसी के पार्टी को वोट ना दें क्योंकि वह बीजेपी के एजेंट है, लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में लालू यादव और उनका गठबंधन 40 में से 39 सीट हार गया था। उन्होंने लालू यादव से यह सवाल किया है कि बताओ सीट हारने के लिए आपने बीजेपी से कितने पैसे लिए थे। सभा को संबोधित करते हुए ओवैसी ने कहा कि लिख कर रख लो, लालू-तेजस्वी से मोदी और बीजेपी नहीं रूकने वाली। वे सिर्फ खरीदना और बेचना जानते हैं और दूसरों के बारे में झूठी अफवाह फैलाते हैं। ओवैसी राजद और कांग्रेस के झूठ को अपने जूते की नोंक पर रखता है।

### पटना के सालिमपुर में 2 अपराधी गिरफ्तार, दो देसी कट्टा और 30 जिंदा कारतूस बरामद

**पटना।** पटना के सालिमपुर थाना क्षेत्र में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। क्राइम की साजिश रच रहे दो अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। 2 लोडेड देसी कट्टा और 30 जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। एक अपराधी मौके से भागने में कामयाब रहा। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान सालिमपुर निवासी उपेंद्र कुमार(50) और नवल यादव (54) के तौर पर हुई है। दोनों से पूछताछ की जा रही है। मामले की पुष्टि बाढ़ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-2 अभिषेक सिंह ने की है। उन्होंने बताया कि उत्तर सालिमपुर टाल में जितेंद्र यादव के तालाब के पास हथियार से लैस तीन अपराधी लूटपाट की योजना बना रहे थे। ग्रामीण एसपी को इसकी जानकारी मिली थी। सूचना मिलते ही एक टीम का गठन किया गया। टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारियों ने चिन्हित जगह पर छापेमारी की। मौके से दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि एक अपराधी भागने में सफल रहा।



### पटना में वोटिंग के दिन रैपिडो की फ्री राइड, वोटरों को पोलिंग बूथ तक पहुंचना होगा आसान

**पटना।** पटना में सातवें चरण के तहत आगामी 1 जून को वोटिंग होगी। मतदान करने के लिए बूथ पर जाने में कोई परेशानी ना हो, इसके लिए रैपिडो मतदाताओं को फ्री सेवा देगा। घर से पोलिंग बूथ तक जाने और फिर वापस घर आने के लिए निःशुल्क व्यवस्था की गई है। रैपिडो ऐप का प्रयोग कर मतदाता फ्री परिवहन सेवा प्राप्त कर सकते हैं। देश के लोकतांत्रिक ढांचे को सशक्त बनाने के लिए रैपिडो ने राष्ट्र के प्रति अपना कर्तव्य निभाते हुए 'सवारी जिम्मेदारी की' लॉन्च किया है। साथ ही जागरूकता अभियान चलाया गया। पटना के डीएम शीर्षत कपिल अशोक ने 125 से अधिक बाइक टैक्सी के साथ रैली को गांधी मैदान के गेट नंबर 5 से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में योगदान देने के लिए रैपिडो के समर्पण की सराहना करते हैं। पटना में हर योग्य मतदाता को परिवहन के साधन की चिंता किए बिना अपना मतदान देने का मौका मिले। इस तरह की सार्वजनिक-निजी भागीदारी समाज पर बड़ा प्रभाव उत्पन्न कर सकती है। वहीं, रैपिडो के सह-संस्थापक पवन गुंटुपल्ली ने कहा कि हम इस पहल से सुनिश्चित करना चाहते हैं कि पटना में हर मतदाता मतदान के कर्तव्य को सफलतापूर्वक निभाए। ये मुफ्त राइड्स उपलब्ध कराकर हमलोग लोकतंत्र को बढ़ावा दे रहे हैं। चुनाव के दिन मतदाता रैपिडो ऐप पर कोड का उपयोग कर मुफ्त राइड पा सकते हैं। इस अभियान के तहत 100 से अधिक शहरों में चुनाव के दिन मुफ्त राइड उपलब्ध कराने के लिए 10 लाख से अधिक कैप्टन्स को लगाया गया है।

### बिहार में मर्दों से ज्यादा महिलाओं ने की वोटिंग, छठे चरण में 11 फीसदी का अंतर

**पटना।** बिहार में पुरुषों के मुकाबले महिलाओं में लोकतंत्र को लेकर ज्यादा विश्वास और उत्साह दिख रहा है। लोकसभा 2024 के चुनाव में महिलाएं बढ़-चढ़कर वोटिंग कर रही हैं। मतदान के आंकड़ें बताते हैं कि पुरुषों के मुकाबले महिलाओं ने 11 प्रतिशत अधिक वोटिंग की है। निर्वाचन आयोग से मिले आंकड़ें के मुताबिक छठे चरण में महिलाओं की वोटिंग प्रतिशत 62.95 प्रतिशत रही जबकि पुरुषों का यह आंकड़ा 51.95 प्रतिशत दर्ज किया गया है। इसका मतलब यह है कि महिलाओं ने कुल 11 प्रतिशत अधिक वोटिंग की है। छठे चरण के कुल मतदान प्रतिशत में भी महिलाओं की अधिक भागीदारी देखने को मिली। छठे चरण का कुल मतदान प्रतिशत 57.18 रहा। छठे चरण के 8 लोकसभा सीट वाल्मीकि नगर, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, सीवान और महाराजगंज में वोटिंग हुई थी। इन आठ सीटों पर महिलाओं में सबसे ज्यादा उत्साह वैशाली लोकसभा सीट पर देखने को मिला है। वैशाली लोकसभा सीट पर सबसे अधिक 68.63 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी दर्ज की गई है। वहीं, यहां पुरुषों की भागीदारी 57.20 प्रतिशत दर्ज किया गया है, जबकि थर्ड जेंडर वोटर्स की भागीदारी 4.35 फीसदी रही। वैशाली लोकसभा सीट का अंतिम मतदान प्रतिशत 62.59 प्रतिशत रहा है। आठ लोक सभा सीट में से महाराजगंज एक ऐसा सीट रहा, जहां पर महिलाओं की भागीदारी सबसे कम देखने को मिली है। यहां कुल मतदान प्रतिशत 58.27 प्रतिशत दर्ज किया गया तो महिलाओं की भागीदारी 58.36 फीसदी दर्ज की गई। पुरुष मतदाताओं का मताधिकार प्रतिशत 46.68 रहा।

# एक भाई को बचाने में तीन और डूबे, चारों की मौत

## पटना में गंगा में नहाने के दौरान हादसा, 4 साल पहले भी 2 की गई जान

एजेंसी, पटना।

पटना के बाढ़ इलाके में गंगा में डूबने से चार भाइयों की मौत हो गई। सभी नहाने के लिए गए थे। हादसा बाढ़ के सहनौरा गांव के पास रविवार देर शाम हुआ। नहाने के दौरान दो सगे भाई, उसके एक चचेरे भाई और एक ममरे भाई की मौत हो गई। मृतकों में 11 साल का सिंह, आदित्य का 10 साल का सहोदर भाई अनुज सिंह, आदित्य का 16 साल का चचेरा भाई सुदर्शन और इन तीनों का ममेरा भाई 20 साल का रवि कुमार है। पूरा मामला एनटीपीसी थाना इलाके का है। दरअसल, चार भाई रवि, आदित्य, अनुज और सुदर्शन गंगा नदी में नहाने गए थे। इसी बीच रवि का पांव गहरे पानी में चला गया। जहां पर रवि चला गया, वहां पर ज्यादा गड्ढा था। इसका अंदाजा उसे नहीं लगा। रवि डूबने लगा। उसे बचाने में आदित्य, अनुज और सुदर्शन भी उसके पास चले गए। थोड़ी देर के बाद चारों गंगा में समा गए। रविवार की शाम को हुई इस दर्दनाक घटना के बाद गांव से लेकर अस्पताल तक कोहराम मच गया। एनटीपीसी थानेदार ने बताया कि चारों की मौत हो गई। शव को पोस्टमॉर्टम कराने के बाद परिजनों को दे दिया गया। यूडी यानी अप्राकृतिक मौत का केस दर्ज किया गया है।



**ननिहाल में रखता था रवि, उसी को बचाने में हादसाः** रवि समस्तीपुर जिले के चमथा गांव का रहने वाला था।सहनौरा में उसका ननिहाल है। जबकि अन्य तीन सहनौरा गांव के ही रहने वाले थे। आदित्य और अनुज के पिता रजनीश सिंह खेती व मजदूरी करते हैं।सूचना मिलने के बाद गांव के लोग गंगा नदी पहुंचे और चारों के शवों को बरामद कर लिया। गंगा नदी में जहां यह घटना हुई, उससे सहनौरा गांव की दूरी करीब तीन किलोमीटर है। चारों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए पुलिस ने बाढ़ सदर अनुमंडल अस्पताल भेज दिया।

**रवि के दो भाइयों की पहले हो चुकी है मौतः** डूबने की घटना चश्मदीद बच्ची संतोषी समेत वहां मौजूद अन्य लोगों ने देखा। संतोषी व अन्य लोगों से मोबाइल से आदित्य व अनुज के पिता रजनीश को सूचना दी। रजनीश के यही दो बेटे थे, वंश का चिराग बुझ गया। ग्रामीणों ने बताया कि रजनीश के यही दो बेटे आदित्य और अनुज थे। रजनीश के वंश का चिराग ही बुझ गया। वहीं रवि के दो भाई की पहले ही मौत हो चुकी है। इसलिए उसके पिता ने ननिहाल में भेज दिया था।


**चार साल पहले भी यहां दो भाई की हुई थी मौतः** 2020 में भी एनटीपीसी के डैम मे डूबने से इसी गांव के दो सहोदर भाई की मौत हो गई थी। चार साल बाद फिर इसी तरह की दर्दनाक घटना होने से पूरे गांव में मातम पसर गया। रजनीश और उनकी पत्नी का रो-रोकरबुरा हाल था। पिता कह रहे थे कि दोनों बेटों से बहुत उम्मीद पाल रखी थी पर सारी उम्मीदें एक ही झटके में खत्म हो गईं। अब जिंदा रहकर क्या करेंगे। सुदर्शन और रवि के परिजनों का भी रो-रोकर कर बुरा हाल था।

**क्या बोले ग्रामीणः** ग्रामीणों का यह कहना है कि थर्मल परियोजना के तहत गंगा नदी से बड़े पैमाने पर जल की निकासी की जाती रही है। ग्रामीणों ने लगातार इस पर सरकार को ध्यान आकृष्ट कराया है। इसके बावजूद भी शासन प्रशासन की तरफ से कोई ध्यान नहीं दिया गया। ग्रामीणों का यह मानना है कि ढीबर पंचायत के कई क्षेत्रों में थर्मल परियोजना के द्वारा जल निकासी के कारण गंगा नदी के किनारे काफी बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। यह गड्ढे आए दिन बड़ी-बड़ी घटनाओं को दावत देता है।

## पटना जू में दर्शक कर सकेंगे हूलोक गिब्बन का दीदार

एजेंसी, पटना।

अगले महीने से पटना जू में दर्शकों को फिर से हूलोक गिब्बन देखने को मिलेगा। जून के पहले हफ्ते में तीन हूलोक गिब्बन को केज में छोड़ा जाएगा। इसकी तैयारी जू प्रशासन कर रही है। अभी फिलहाल पटना जू में एक भी हूलोक गिब्बन दर्शकों के दीदार के लिए नहीं है। तीन महीने पहले असम से शिशु हूलोक गिब्बन को पटना जू लाया गया था। अब वह वयस्क हो गया है। इसलिए अब इसे केज में छोड़ने का निर्णय लिया गया है।



❐ अगले महीने केज में छोड़े जाएंगे 3 हूलोक गिब्बन, 2 को नेपाल बॉर्डर से किया गया था रेस्क्यू

**नेपाल बॉर्डर से दो हूलोक गिब्बन को किया गया था रेस्क्यूः** वहीं, 20 दिन पहले सुपौल के पास नेपाल बॉर्डर से दो हूलोक गिब्बन को रेस्क्यू करके पटना जू लाया गया था। दरअसल, एसएसबी द्वारा दोनों हूलोक गिब्बन को शिकारियों द्वारा ले जाने की सूचना डीएफओ को दी गई थी। डीएफओ ने तुरंत एक्शन लेते हुए रेंजर की टीम भेजा। तब तक हूलोक गिब्बन को छोड़कर शिकारी भाग निकला था। पटना लाने के बाद उन्हें जू के नाइट हाउस में रखा गया था और इन दोनों का इलाज जू के ही अस्पताल में इलाज चल रहा था। फिलहाल अब दोनों इलाज के बाद स्वस्थ हैं।

**इस साल हुई थी दो हूलोक गिब्बन की मौतः** इन हूलोक गिब्बन को खाने में पानी वाला फल, अंकुरित चना और मूंग दिया जा रहा है। इसी साल पटना जू में दो हुलोक गिब्बन की मौत हो गई थी। एक की मौत ठंड लगने और दूसरे की सेहत खराब होने के कारण हुई थी। वर्ष 2023 में वन्य प्राणी अदला-बदली कार्यक्रम के तहत इन दोनों हुलोक गिब्बन को गुवाहाटी जू से लाया गया था।

## पुलिस ने चोर गिरोह के 4 सदस्यों को गिरफ्तार किया

एजेंसी, पटना।

पटना सिटी के बाईपास थाने की पुलिस ने चोर गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके पास से चोरी के सोने, चांदी के जेवरात, लाखों रुपए नगद, एक कार सहित कई सामानों को जब्त किया है। पुलिस गिरफ्तार अपराधियों से यह पता लगाने में जुटी है कि अब तक पटना एवं पटना के आसपास के इलाकों में कितने घरों और दुकानों में चोरी की घटना को अंजाम दे चुका है। बाईपास थाना क्षेत्र में पिछले दो महीने के अंदर चोरी की चार बड़ी घटनाओं को अपराधियों ने अंजाम देकर पुलिस की रात्रि गश्ती व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी थी। लगातार हो रहे चोरी से परेशान कर गिरोह के सदस्यों को पकड़ने के लिए पटना सिटी के पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी 2 डॉक्टर गौरव कुमार के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने इस मामले में सीसीटीवी अवलोकन,




इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस सहित कई तरह के उपायों को अपनाने के बाद चोर गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उस दुकानदार को भी गिरफ्तार किया है, जो चोरी के समान को खरीदा करता था। घटना की जानकारी देते हुए पटना सिटी के पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी डॉक्टर गौरव कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में रोशन कुमार, चुन्नू कुमार, सूरज पासवान, सोनू कुमार एवं अनिल कुमार गुप्ता शामिल हैं। पुलिस ने उनके पास से 253.06 ग्राम सोने के जेवरात, 257.77 ग्राम चांदी के जेवरात, 2,39,800 नगद, एक ऑटो कार, एक बाइक, पांच मोबाइल जब्त किया है।

## बिहार में रेमल तूफान का असर, बगहा में तेज बारिश

एजेंसी, पटना।

बिहार में भी रेमल तूफान का असर दिखने लगा है। बगहा में सोमवार दोपहर तेज हवा के साथ झमाझम बारिश हुई। बारिश के बाद यहां लोगों को गर्मी से राहत मिली। नालंदा, मधेपुरा समेत कई जिलों में अभी भी घने बादल छाए हुए हैं। तेज हवा भी चल रही है। इसके अलाव पूर्वी हिस्से में भी आज हल्की बारिश, बिजली चमकने और तेज हवा चलने की संभावना है। इस दौरान हवा की रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे होगी। वहीं, रेमल तूफान को देखते हुए सोमवार सुबह कोलकाता- पटना- कोलकाता सेक्टर के बीच ऑपरेट होने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6E 663 रद्द हो गई है। इस तूफान के गुजर जाने के बाद पछुआ हवा चलेगी। इस वजह से आज मधुबनी, पूर्वी चंपारण, बक्सर, नालंदा और गोपालगंज में हीट वेव रहने की संभावना है। जबकि पटना, दरभंगा, रोहतास और नालंदा में हॉट नाइट का पूर्वानुमान है। दूसरी ओर बिहार के कई जिलों में नौतपा का भी असर देखने को मिल रहा है। पटना समेत कई जिलों में सुबह से तेज धूप से गर्मी बढ़ गई है। 14 जिलों का पारा 40 डिग्री से अधिक पहुंच गया है। पिछले 24 घंटे के दौरान बक्सर जिला सबसे ज्यादा गर्म रहा। जहां का अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस किया गया।



**फ्लाइट रद्द होने से पटना में करीब 700 यात्री फंसे रहेः** बंगाल में चक्रवातीय तूफान रेमल के तबाही मचाने की आशंका को देखते हुए कोलकाता-पटना- कोलकाता के बीच ऑपरेट होने वाली दोनों फ्लाइट रविवार भी रद्द रही। साथ ही देवघर पटना- देवघर की फ्लाइट भी रद्द कर दी गई। इस वजह से कोलकाता और पटना में करीब 700 यात्री फंसे रहे। यह विमान पटना एयरपोर्ट पर सुबह 8.35 में कोलकाता से आती है और 9.10 बजे कोलकाता को रवाना होती है। रविवार की सुबह को इस विमान को ऑपरेट किया गया था। कोलकाता एयरपोर्ट प्रशासन ने इस चक्रवातीय तूफान को देखते हुए रविवार को दिन के 12 बजे से सोमवार की सुबह 9 बजे तक यानी 21 घंटे तक के लिए विमानों के ऑपरेट पर रोक लगा दी है।

♦ नालंदा-मधेपुरा में छाए घने बादल, बारिश की संभावना, पटना-कोलकाता फ्लाइट कैंसिल

**ब्रेन हेमरेज के 22 और हार्ट अटैक के 10 मरीज भर्तीः** गर्मी से ब्रेन हेमरेज और हार्ट अटैक के केस बढ़ गए हैं। आईजीआईएमएस में ब्रेन हेमरेज के 22 और हार्ट अटैक के 10 मरीजों का इलाज चल रहा है। इन मरीजों की उम्र 40 से 70 वर्ष तक है। उपनिदेशक डॉ. मनीष मंडल ने बताया कि गर्मी में ब्रेन हेमरेज और हार्ट अटैक के मरीजों की संख्या बढ़ने से चिकित्सक भी हैरान हैं।

## बीएन कॉलेज के छात्र की पीट-पीटकर हत्या

### डांडिया नाइट्स का विवाद था, एनडीए कैंडिडेट शांभवी चौधरी बोलीं- वो मेरे भाई जैसा था

एजेंसी, पटना।

पटना में बीएन कॉलेज के छात्र की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना सुलतानगंज थाना क्षेत्र के लॉ कॉलेज कैंपस की है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर एसपी सेंट्रल के साथ पांच थानों की पुलिस पहुंची और जांच में जुट गई है। मृतक छात्र की पहचान हर्ष के रूप में हुई है। वह वैशाली प्रखंड के मझौली गांव के रहने वाले थे। हर्ष के पिता अजीत कुमार वैशाली प्रखंड से भास्कर अखबार के रिपोर्टर हैं। हर्ष लोकनायक युवा परिषद संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी थे। सामाजिक तौर पर भी वे काफी सक्रिय थे। इस कारण वैशाली में काफी लोकप्रिय थे। समस्तीपुर लोकसभा क्षेत्र से एनडीए समर्थित उम्मीदवार शांभवी ने मृतक को अपना भाई माना था।



चुनाव प्रचार-प्रसार के दौरान भी हर्ष उनके साथ रहे थे। बताया जाता है कि लॉ कॉलेज और पटेल छात्रावास के छात्रों ने BN कॉलेज के छात्र हर्ष के साथ मारपीट की। हर्ष परीक्षा देकर लॉ कॉलेज से बाहर निकल रहे थे तभी घटना को अंजाम दिया गया। इस घटना में हर्ष बुरी तरह से घायल हो गए। घायल छात्र को इलाज के लिए PMCH भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

**डांडिया नाइट्स के आयोजन को लेकर चल रहा था विवादः** जानकारी के अनुसार करीब एक माह पहले यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स ने डांडिया नाइट्स का आयोजन किया था। इसके ही मैनेजमेंट को लेकर विवाद चल रहा था। बीएन कॉलेज का स्टूडेंट हर्ष आज लॉ कॉलेज में एग्जाम देने गया था। एग्जाम देकर निकला तो अपनी बुलेट गाड़ी पर बैठा। उसी समय करीब 15 की संख्या में लड़के आए और मारपीट करने लगे। लड़कों ने उसे रॉड और ईंट से पीठ और पेट में कई जगह मारा। 10 मिनट तक उसके साथ मारपीट करते रहे। जबतक हर्ष के साथी आते तब तक वो बुरी तरह से घायल हो गया था। फिर कुछ लड़कों ने उसे पीएमसीएच पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हर्ष के पिता अजीत कुमार का कहना है कि हर्ष BA फाइनल इयर का छात्र था। फाइनल ईयर का एग्जाम लॉ कॉलेज में चल रहा था। वहां से निकलने के बाद जैसे ही हर्ष बुलेट पर चढ़ा तभी 8 से 10 की संख्या में नकाबपोश बदमाशों ने हमला कर दिया। जिसके बाद उसकी मौत हो गई। पिता ने बताया कि हर्ष छात्र संघ का चुनाव लड़ना चाहता था, वह कहता था कि आज तक जिसने भी चुनाव लड़ा है वो सभी पास आउट थे। पढ़ते हुए किसी ने चुनाव नहीं लड़ा है, लेकिन मैं कहता था कि हार जाओगे।

पत्रकार के बेटे हो गरीब भी हो। हर्ष कहता था कि मैं मेहनत कर रहा हूं, कॉलेजों में घूम रहा हूं। सैनिटरी वेंडिग मशीन भी लगवा रहा हूं। पिता ने कहा कि मामले की जांच होनी चाहिए और हत्यारों को सजा मिलनी चाहिए। वहीं, जब उनसे पूछा गया कि आखिरी बार हर्ष से कब बात हुई थी तो उन्होंने कहा कि उसकी मां से ही बात होती थी। फोन पर मुझसे बात कम हीं होती थी।

## पटना में राहुल का मंच धंसा, बोले-मोदी, पीएम नहीं बनेंगे

एजेंसी, पटना।

राहुल गांधी ने आज बिहार में तीन सभाएं कीं। 12 बजे पटना के बख्तियारपुर में, डेढ़ बजे पालीगंज में तो साढ़े 3 बजे आरा में सभा को संबोधित किया। पालीगंज में राहुल गांधी जैसे ही मंच पर पहुंचे तो मंच का एक हिस्सा धंस गया। राजद कैंडिडेट मीसा भारती ने राहुल गांधी का हाथ पकड़कर उन्हें संभाला। थोड़ी देर में सुरक्षाकर्मी भी आ गए, लेकिन राहुल ने कहा- मैं ठीक हूं। सभा को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव को बब्बर शेर बताया। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान में अमीर लोग अमीर होते जा रहे हैं और गरीब लोग गरीब। राहुल ने कहा कि हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री ने दस साल में कुछ नहीं किया। राहुल ने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि ED से बचने के लिए कहते हैं बड़े-बड़े फैसले मैं नहीं, परमात्मा लेते हैं। इससे पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पटना के बख्तियारपुर में जनसभा की। उन्होंने करीब 18 मिनट का भाषण दिया। सभा को संबोधित करते हुए राहुल ने गारंटी दी कि मोदी इस बार पीएम नहीं बनेंगे। उन्होंने बताया कि एक इंटरव्यू में मोदी जी ने कहा था कि बड़े-बड़े फैसले मैं नहीं लेता परमात्मा लेते हैं। ये ऐसा ED से बचने के लिए कहते हैं। राहुल ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर ED उनसे अडाणी पर सवाल करेगी। उन्होंने कहा कि मोदी जी आप लंबे-लंबे भाषण देना बंद कीजिए आप देश को बांटने की कोशिश मत करिए।



## मध्य प्रदेश के CM की पटना में ताबड़तोड़ जनसभा

एजेंसी, पटना।

अंतिम चरण के चुनाव को लेकर बिहार में नेताओं का ताबड़तोड़ जनसभा जारी है। इसी कड़ी में आज BJP के सीनियर लीडर और मध्य प्रदेश के CM मोहन यादव ने आज पाटलिपुत्र और पटना साहिब में चुनावी सभा को संबोधित किया। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पहली जनसभा पाटलिपुत्र में NDA के उम्मीदवार रामकृपाल यादव के लिए दोपहर 12:30 बजे से लेकर 1:30 बजे तक मनेर के गांधी मैदान में जनसभा को संबोधित किया। इसके बाद वो पटना के टेका बीघा पहुंचे जहां, उन्होंने पटना साहिब के NDA उम्मीदवार रविशंकर प्रसाद के पक्ष में वोट मांगा।

**मनेर में MP के CM का संबोधनः** लोकसभा 2024 के अंतिम चरण के प्रचार को लेकर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव पटना के मनेर में पाटलिपुत्र लोकसभा के एनडीए प्रत्याशी रामकृपाल को लेकर जनसभा की। इस दौरान उनके साथ लोजपा (आर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान मौजूद रहे। इस दौरान दोनों नेता इंडी गठबंधन पर जमकर बरसे। जनसभा को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा की कांग्रेस के साथ ही जितने भी परिवार वादी पार्टी है। वे सभी कोई भी बड़ा पोस्ट किसी अन्य को नहीं देना चाहते। अपने परिवार वालो को ही देंगे। जहां से मैं आता हूं वहा तो हमारी आबादी 500 भी नहीं है, लेकिन इतनी कम आबादी होने के बावजूद मुझे इतना कुछ मिला, यह नरेंद्र मोदी की देन है। बीजेपी का नारा सबका साथ सबका विकास यह



कहने के लिए नहीं है बल्कि कर के दिखाने के लिए है। मध्य प्रदेश जैसे साढ़े आठ करोड़ आबादी का इतना बड़ी राज्य, लेकिन मुझे मुख्यमंत्री बनाकर एक गरीब परिवार को इतना बड़ा सम्मान दिया है। यह केवल बीजेपी वाले ही कर सकते हैं। यह देश का दुर्भाग्य है राजा जी के पहले बिहार ने भी अपनी पहचान बनाई थी। देश की आजादी के लिए कठिन परिश्रम किया। पहले अंग्रेज ने हमे जड़ों से काटा है। हमलोगो को कभी अपने जड़ों से जुड़ने ही नहीं दिया। किसी भी पाठ्यक्रम के अंदर हमारे सभ्यता और संस्कृति की पढ़ाई नहीं की जाती है। 1832 में लॉर्ड मैकाले ने हमे हमारे देवताओं से दूर किया, लेकिन 1947 के आजादी के बाद हमलोग ऐसा कर सकते थे। कांग्रेस और उनके साथ वालों ने कभी हमारे देवी देवताओं का सम्मान नहीं किया। एक परिवार के अंदर पांच-पांच पीढ़ी हो गई प्रधानमंत्री बनते-बनते। ये लोग झूठ इतने सफाई से बोलते है। कुछ दिन पहले राहुल गांधी बोल रहे थे हमारी सरकार बनाओ गरीबी दूर कर देंगे खटाखट-खटाखट। वो ये बताए गरीबी कहा से दूर कर देंगे। अपने खानदान में देखो 55 साल तक सरकार चलाई। लेकिन उनसे गरीबी दूर नहीं हुई। कांग्रेस के लोगो ने पांच पीढ़ी तक केवल झूठ बोला। आगे कहा कि पाटलिपुत्र से एनडीए प्रत्याशी रामकृपाल यादव को वोट देकर प्रधानमंत्री को मजबूत करना है। बिहार राज्य का नाम ही भगवान कृष्ण के नाम पर है। जिसने बिहार में आकर आनंद नहीं लिया, उनकी जिंदगी अधूरी है। सबसे ज्यादा IAS अधिकारी कहीं से निकलते हैं तो वो बिहार से निकलते हैं। 1947 के पहले बहुत सारे राजा-महाराजा की 600 रियासतें थी, लेकिन देश की आजादी के लिए चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह सभी क्रांतिकारियों ने सभी स्वतंत्रता सेनानियों ने देश की आजादी का संकल्प किया कि हमारा लोकतंत्र होना चाहिए।

♦ रामकृपाल यादव और रविशंकर प्रसाद के लिए मांगा वोट, कहा- विपक्षी बड़ा पोस्ट परिवार के सिवा दूसरों को नहीं देना चाहते

# पटना में नीतीश कुमार की फिसली जुबान, बोले- हमारी इच्छा है कि नरेंद्र मोदी फिर से मुख्यमंत्री बनें



## फिर कहा-प्रधानमंत्री तो हैं हीं आगे भी रहेंगे

**पटना, एजेंसी।** पटना में एक जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जुबान एक बार फिर फिसल गई। सभा को संबोधित करते हुए सीएम नीतीश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मुख्यमंत्री बता दिया। हालांकि, मंच पर मौजूद लोगों ने उन्हें टोका तो सीएम ने अपनी गलती सुधारी और कहा कि नरेंद्र मोदी तो प्रधानमंत्री हैं ही। ये सुनते ही वहां मौजूद लोग ठहाके लगाने लगे। दरअसल, रविवार को सीएम नीतीश दनियावां में पटना साहिब से बीजेपी प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद के लिए चुनाव प्रचार करने पहुंचे थे। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि बिहार की सभी 40 सीटों और देशभर में 400 से ज्यादा सीट जीतें और नरेंद्र मोदी फिर से मुख्यमंत्री बनें, ताकि देश का विकास हो, बिहार का विकास हो। इतना सुनते ही बगल में मौजूद नेताओं ने नीतीश कुमार को टोकते हुए कहा- मुख्यमंत्री नहीं प्रधानमंत्री। इस बात पर उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी जी प्रधानमंत्री तो हैं ही और आगे भी रहेंगे। नीतीश की ये बातें सुन मंच पर मौजूद सभी लोगों ने तालियां बजानी शुरू कर दी।

### लालू-तेजस्वी पर साधा निशाना

रैली में नीतीश कुमार ने आरजेडी पर निशाना साधते हुए कहा कि उन लोगों ने कोई काम नहीं किया। 2005 से पहले शाम को डर की वजह से कोई घर से निकलने की हिम्मत नहीं करता था। काफी झगड़े होते थे, स्वास्थ्य और शिक्षा बदहाल थी। सड़कों की हालत जर्जर थी। उन्होंने कहा कि जब मैं सांसद था, तब कुछ ही जगहों पर सड़कें थी। बाकी सब जगह पैदल जाना पड़ता था। सीएम ने कहा कि उन लोगों (आरजेडी) को मौका मिला, लेकिन कोई काम नहीं किया। सीएम नीतीश ने आरजेडी पर निशाना साधते हुए कहा कि वे लोग आज हमारे खिलाफ बोलते रहते हैं कि हमने कोई काम नहीं किया, जबकि ये पूरी तरह झूठ है। सीएम नीतीश ने लालू का नाम लिए बिना कहा कि एक आदमी ने 9 बेटा-बेटी पैदा किए। अब बेटा-बेटी ही करते रहते हैं। जब हम उनके साथ आए तो देखा कि ये लोग गड़बड़ करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने स्कूल के बच्चियों को साइकिल पोषक छात्रवृति दिया। मैट्रिक पास करने पर 25 हजार रुपए दिए। बीए पास करने पर 50 हजार दिया।

### रविशंकर प्रसाद ने क्या कहा

सीएम ने अपील करते हुए कहा कि दनियावां के लोग झोला भरकर वोट देकर रविशंकर प्रसाद को भारी मतों से विजय बनावे। वहीं, रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कुछ कमियां मुझसे हुई है। उसे मैं वादा के साथ पूरा करूंगा। शिकायत का मौका नहीं दूंगा। केंद्र की मोदी सरकार के नेतृत्व में देश का विकास हर क्षेत्रों में हो रहा। आप सभी प्रधान मंत्री मोदी के हाथ को मजबूत करें।

## संक्षिप्त समाचार

### नवाह संकीर्तन का हुआ समापन

**दरभंगा/घनश्यामपुर, एजेंसी।** घनश्यामपुर पुवाई टोल में नौ दिवसीय नवाह यज्ञ का समापन रविवार को संकीर्तन के साथ हो गया। इस दौरान पं. बैद्यनाथ झा की निगरानी में श्रद्धालुओं ने हवन किया। शिव शारदा बजरंग पूजा समिति के मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रातः काल से ही मंदिरों में पूजा व दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही। रविवार की देर शाम भव्य कलश विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। यह पूजा पंडाल से निकलकर विभिन्न मार्गों से होते हुए मंदिर परिसर पहुंची।

### कनकई नदी में डूबने से आठवीं कक्षा के छात्र की मौत

**पूर्णिया/बैसा, एजेंसी।** बायसी-दिघलबैंक राज्य पथ संख्या 99 के बैसा पुल के नीचे से होकर बहने वाली कनकई नदी में डूबने से एक पंद्रह वर्षीय किशोर शादान की मौत हो गयी। शीशाबाड़ी पंचायत के धापी टोला निवासी मुज्जफर का पुत्र शादान अपने कुछ साथियों के साथ नदी में नहा रहा था। नहाने के क्रम में वह गहरे पानी मे चला गया और किसी को पता ही नहीं चला। कुछ देर तक नहीं दिखने पर साथ नहा रहे अन्य दोस्तों द्वारा शोर मचाया गया। शोर सुनकर सड़क मार्ग से गुजर रहे लोगों के अलावे स्थानीय लोग पहुंच कर डूबे किशोर की खोजबीन शुरू कर दी। थोड़ी देर बाद डूबे किशोर को नदी से निकाला गया। परिजनों ने उसे आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैसा पहुंचाय जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। घटना पर दुःख प्रकट करते हुए पूर्व सरपंच अब्दुल मन्नान ने बताया कि मृतक शादान आठवीं कक्षा का छात्र था। इधर, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। शव का पोस्टमार्टम कराने से परिजनों ने इनकार कर दिया है।

### मकई लदा ट्रैक्टर पलटा, यातायात बाधित

**पूर्णिया/जलालगढ़, एजेंसी।** अमौर से गुलाबबाग जा रहे मक्का लदा ट्रैक्टर एनएच 57 पूर्वी भाग में किसान फ्यूल पेट्रोल पंप के समीप पलट गया। इसमें किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। वहीं ट्रैक्टर पलटने से एनएच 57 के पूर्वी भाग पर जाम लग गया। बाद में इसे चालू कराया गया। बताया जा रहा है कि मक्का लदा ट्रैक्टर अमौर के मझुवा से मटियारी होते हुए गुलाबबाग मंडी बिक्री के लिए जा रहा था। पेट्रोल पंप के समीप ट्रैक्टर के डाला का कड़ी टूट गया जिससे ट्रैक्टर पलट गया।

### साहबगंज में जला डीप बोरिंग का मोटर, पानी का संकट

**भागलपुर, एजेंसी।** शहर के वार्ड 11 के साहबगंज इलाके में डीप बोरिंग का मोटर जल जाने से सोमवार सुबह से क्षेत्र के कई इलाकों में पानी का संकट गहरा गया है। सुबह से लोगों के घरों में पानी नहीं पहुंचा। इसकी वजह से लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। सूचना मिलने के बाद नगर निगम की ओर से मोटर को बदलने का काम शुरू कराया जा रहा है। देर शाम या रात तक मोटर के ठीक होने की संभावना बन रही है। ऐसे में लोगों को मंगलवार सुबह से ही पानी सुचारू रूप से मिल पाएगा।

### आसमान में छाए बादल, पहली जून तक वर्षा के आसार

**पूर्णिया, एजेंसी।** अब उत्तरी पूर्वी बिहार में प्री-मानसून पीरियड की वर्षा ने अपना एक कदम आगे बढ़ाते हुए पहली जून तक हल्की से मध्यम बारिश का डायग्राम खींच दिया है। समुद्री तूफान बड़ी तेजी से बांग्लादेश से पश्चिम बंगाल की ओर आ रही है। वहां इसकी स्पीड 110 से 135 किलोमीटर तक बताई जा रही है। हालांकि इसका बहुत ज्यादा असर उत्तरी पूर्वी बिहार पर नहीं पड़ेगा लेकिन मेघ गर्जन और वज्रपात के साथ हल्की से मध्यम वर्षा से इनकार नहीं किया जा सकता। मौसम विभाग भी इस तरह के पूर्वानुमान को मान रहा है। पटना मौसम केंद्र से जारी पूर्वानुमान इंडेक्स में पहली जून तक वर्षा के आसार बताए गए हैं। हालांकि 26 मई का दिन शुष्क ही बताया गया है। पूर्णिया प्रमंडल के फारबिसगंज एरिया को भीषण उष्ण दिवस बताया गया। इधर, 27 मई को बिहार के पूर्णिया एवं पूर्णिया से सटे जिलों में वर्षा के आसार रविवार की शाम से ही दिखने लगा है। पूर्णिया मौसम विभाग का कहना है कि 27 और 28 मई को प्री-मानसून पीरियड की जबरदस्त वर्षा हो सकती है। अगर समुद्री हवाओं का झोंका दो-तीन दिनों तक लगातार बना रहा तो निश्चित रूप से पहले जून तक वर्षा होती रहेगी। दूसरी ओर रविवार की सुबह से ही भीषण गर्मी का माहौल रहा।

# पटना में गंगा में डूबने से 4 भाइयों की मौत:घंटों मशक्कत के बाद गोताखोरों ने शव निकाला



**पटना, एजेंसी।** पटना में रविवार की देर शाम एक ही परिवार के चार बच्चों की गंगा में डूबने से मौत हो गई। चारों बच्चे नहाने करने गए थे। इसी दौरान हादसा हुआ। घटना बाढ़ के एनटीपीसी थाना क्षेत्र के सहनौरा गंगा घाट की है। घंटों मशक्कत के बाद गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। बताया जा रहा है कि समस्तीपुर निवासी रवि कुमार (20) अपने ननिहाल सहनौरा गांव आया था। रविवार की शाम ममेरे भाइयों के साथ रवि गंगा नदी में नहाने गया था। इसी दौरान सभी बच्चे पानी के तेज बहाव में बह गए।

मृतक की पहचान रवि कुमार(20), आदित्य कुमार(14), सुदर्शन कुमार(13) और अनुज कुमार(14) के रूप में हुई है। मौत की खबर सुनते ही पूरे परिवार के बीच कोहराम मच गया। सभी का रो-रोकर बुरा हाल है। एनटीपीसी थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल भेजा गया है।

**ननिहाल में रखता था रवि, उसी को बचाने में हादसा :** रवि समस्तीपुर जिले के चमथा गांव का रहने वाला था।सहनौरा में उसका ननिहाल है। जबकि अन्य तीन सहनौरा गांव के ही रहने वाले थे। आदित्य और अनुज के पिता रजनीश सिंह खेती व मजदूरी करते हैं।सूचना मिलने के बाद गांव के लोग गंगा नदी पहुंचे और चारों के शवों को बरामद कर लिया। गंगा नदी में जहां यह घटना हुई, उससे सहनौरा गांव की दूरी करीब तीन किलोमीटर है। चारों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए पुलिस ने बाढ़ सदर अनुमंडल अस्पताल भेज दिया।

**रवि के दो भाइयों की पहले हो चुकी है मौत :** डूबने की घटना चश्मदीद बच्ची संतोषी समेत वहां मौजूद अन्य लोगों ने देखा। संतोषी व अन्य लोगों से मोबाइल से आदित्य व अनुज के पिता रजनीश को सूचना दी। रजनीश के यही दो बेटे थे, वंश का चिराग बुझ गया। ग्रामीणों ने बताया कि रजनीश के यही दो बेटे आदित्य और अनुज थे। रजनीश के वंश का चिराग ही बुझ गया। वहीं रवि के दो भाई की पहले ही मौत हो चुकी है। इसलिए उसके पिता ने ननिहाल में भेज दिया था।

### क्या बोले ग्रामीण

ग्रामीणों का यह कहना है कि थर्मल परियोजना के तहत गंगा नदी से बड़े पैमाने पर जल की निकासी की जाती रही है। ग्रामीणों ने लगातार इस पर सरकार को ध्यान आकृष्ट कराया है। इसके बावजूद भी शासन प्रशासन की तरफ से कोई ध्यान नहीं दिया गया। ग्रामीणों का यह मानना है कि ढीबर पंचायत के कई क्षेत्रों में थर्मल परियोजना के द्वारा जल निकासी के कारण गंगा नदी के किनारे काफी बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। यह गड्ढे आए दिन बड़ी-बड़ी घटनाओं को दावत देता है। गांव के लोग रविवार की हुई घटना का कारण इसी मामले को बता रहे हैं।

### चार साल पहले भी यहां दो भाई की हुई थी मौत

2020 में भी एनटीपीसी के डैम मे डूबने से इसी गांव के दो सहोदर भाई की मौत हो गई थी। चार साल बाद फिर इसी तरह की दर्दनाक घटना होने से पूरे गांव में मातम पसर गया। रजनीश और उनकी पत्नी का रो-रोकरबुरा हाल था। पिता कह रहे थे कि दोनों बेटों से बहुत उम्मीद पाल रखी थी पर सारी उम्मीदें एक ही झटके में खत्म हो गई। अब जिंदा रहकर क्या करेंगे। सुदर्शन और रवि के परिजनों का भी रो-रोकर कर बुरा हाल था।



# नालंदा में चौकीदार की बेटी की मौत का मामला, पति समेत 4 पर हत्या का आरोप

**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा के हिलसा थाना क्षेत्र के गजेंद्र विगहा गांव में एक विवाहिता की सन्दिग्ध हालत में शनिवार की रात मौत हो गई थी। मायके वाले दहेज हत्या का आरोप लगा रहे थे। मृतका सोनू कुमार की पत्नी हुलसी देवी (18) है। इस मामले में हिलसा थाना क्षेत्र के बनवारीपुर गांव निवासी मृतका के भाई प्रशोत्तम कुमार ने हिलसा थाना में दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। उसने बहन की सास, ससुर, पति एवं ननद को आरोपित किया है। आरोप है कि मोटरसाइकिल और सोने की चेन नहीं देने के कारण ससुराल वालों ने विवाहिता की गला घोट कर हत्या कर दी। घटना के बारे में भाई ने बताया कि हुलसी घर वालों से फोन पर बात करने के लिए पति समेत अन्य ससुराल के परिवार से कहा करती थी। लेकिन ससुराल का परिवार उन लोगों से बात नहीं कराता था। काफी दिनों से पैसे के लिए उसे प्रताड़ित किया जा रहा था। शनिवार की रात गला दबाकर उसकी हत्या कर दी गई। उन लोगों को आस पड़ोस के द्वारा घटना की जानकारी मिली। जब वे लोग बहन के ससुराल पहुंचे तो देखा बेड पर शव पड़ा हुआ है।

**क्या बोली पुलिस :** हिलसा थाना अध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि इस मामले में मृतका के ससुर राकेश कुमार उर्फ संजू को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं अन्य आरोपितों के खिलाफ भी छापेमारी की जा रही है। पति समेत चार लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। मृतका के पिता प्रमोद प्रसाद हिलसा थाना में चौकीदार के पद पर कार्यरत हैं।

# बकाया पैसा नहीं देने पर युवक को मारा चाकू:मोतिहारी में ग्रामीणों ने दोनों आरोपियों को बांधकर पीटा



**मोतिहारी, एजेंसी।** मोतिहारी में बकाया पैसा नहीं देने पर दो युवकों ने एक युवक को चाकू मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। जिसके बाद ग्रामीणों ने दोनों को पकड़कर जमकर पिटाई कर दी। वहीं घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को पकड़कर अपने साथ ले गई।

जहां दोनों से पूछताछ की जा रही है। घटना हरसिद्धि थाना क्षेत्र के जागापाकड़ पंचायत के पूर्णा डीह गांव की है। घायल युवक की पहचान लगन मुखिया का पुत्र प्रदीप मुखिया के रूप में हुई है। घायल प्रदीप को इलाज के लिए अरेराज रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है।

### पेड़ में बांधकर पीटा

घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि प्रदीप ने बहादुरपुर पंचायत के बरई पट्टी गांव के संजय सिंह का पुत्र किशन सिंह और जनार्दन सिंह का पुत्र प्रमोद सिंह को तीन हजार रुपए दिया था। जब वो दोनों दिखा तो प्रदीप ने पैसा की मांगा किया, इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहा सुनी हुई। इसी बीच चाकू निकाल कर प्रदीप पर हमला कर दिया, चाकू मारने के बाद दोनों भागने लगे, तभी ग्रामीणों की नजर पर गई, ग्रामीणों ने पकड़ कर दोनों युवक की पेड़ में बांधकर पिटाई कर दी। पेड़ में बंध कर पिटाई करने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। दोनों के पास से एक ऑटोमेटिक बड़ा चाकू बरामद किया, जिसे ग्रामीणों ने पुलिस को सौंप दिया है।

### दोनों से की जा रही पूछताछ

हरसिद्धि थानाध्यक्ष नवीन कुमार ने बताया कि सूचना मिलने के बाद मौके पर जा कर दोनो को ग्रामीणों के चंगुल से छुरा कर थाना लाया, जहा पूछताछ किया जा रहा है। परिजन के तरफ कोई आवेदन नहीं मिला है।

# दो पक्षों में झड़प से सात लोग हुए घायल, सभी जख्मियों को अस्पताल में कराया भर्ती

## मारपीट के दौरान तलवारबाजी का भी आरोप



**समस्तीपुर, एजेंसी।** जिले के उजियारपुर थाने के परोरिया गांव में लड़का-लड़की के विवाद के बाद रविवार देर शाम गांव के दो गुटों के बीच हिंसक झड़प हो गई। तलवार से भी हमला किया गया है। दोनों ओर से सात लोग घायल हो गए। घायलों में दो की स्थिति गंभीर बनी हुई है। सभी घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जख्मी लोगों में एक पक्ष से उमेश कुमार, पत्नी संगीता देवी, पुत्री अंशु कुमारी, आकांक्षा कुमारी, सुनीला देवी शामिल हैं। दूसरे पक्ष से उमेश पंडित की पत्नी तेतरी देवी और राजकरण पंडित शामिल हैं।

### लड़की पक्ष के लोगों ने आवेदन दिया

अकल पंडित और अरविंद्र महतो के बेटा-बेटी के बीच किसी विवाद को लेकर कहासुनी हुई थी। इस मामले में लेकर लड़की पक्ष के लोगों ने थाने में आवेदन दिया था। जिसमें गांव के ही दीपक कुमार को आरोपी बनाया गया। इसी मामले को लेकर देर शाम उजियारपुर पुलिस की टीम गांव में जांच के लिए पहुंची।

पुलिस के सामने भी दोनों गुटों के बीच विवाद हुआ था। लेकिन पुलिस के जाते ही दोनों गुट आपस में भिड़ गए। इस दौरान दोनों ओर से 7 लोग घायल हो गए। दोनों पक्ष ने एक दूसरे पर जबरन घर पर चढ़ कर हमला करने का आरोप लगाया। इस दौरान एक पक्ष के उमेश महतो ने महेश पंडित, राजकुमार पंडित, कारी पंडित समेत 10-12 लोगों पर घर में घुस कर मारपीट का आरोप लगाया।

### बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज होगी

उजियारपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि गांव में लड़का-लड़की के पुराने विवाद को लेकर जांच में पुलिस गई थी। पुलिस के लौटने के बाद आपस में दोनों गुट भिड़ गए। मारपीट और तलवार बाजी की बात सामने आ रही है। सभी जख्मियों को उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस पदाधिकारी को मौके पर भेजा गया है। बयान लेकर प्राथमिकी भी दर्ज की जाएगी।

# भाजपा वाले 4 जून को अंतिम सांस लेने वाले हैं, चाचा भी नहीं बचा सकते- तेजस्वी यादव



**काराकाट , एजेंसी।** बिहार के काराकाट लोकसभा क्षेत्र में अमित शाह के बाद नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और वीआईपी के चीफ मुकेश सहनी ने महागठबंधन के उम्मीदवार राजाराम कुशवाहा के लिए वोट मांगा। बिक्रमगंज इंटर कॉलेज के खेल मैदान में एक चुनावी सभा को पूर्व डिप्टी सीएम व इंडिया गठबंधन के प्रमुख नेता तेजस्वी यादव ने सम्बोधित किया।

इस दौरान तेजस्वी ने कहा कि चार जून को बीजेपी वाले अंतिम सांस लेने वाले हैं। उन्हें चाचा (नीतीश कुमार) भी नहीं बचा पाएंगे। तेजस्वी यादव ने फिर पीएम मोदी को बेड रेस्ट में भेज देने की बात कही। तेजस्वी यादव इंडिया गठबंधन समर्थित माले प्रत्याशी कामरेड राजाराम सिंह को भारी मतों से जिताने की अपील की। पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा कि मेरे पीठ की हड्डी में दर्द है। डॉक्टर की सलाह है कि कम्प्लीट बेड रेस्ट कीजिये। तब ही ठीक होगा। यह खबर सुन भाजपा वालो के चेहरे पर खुशी की लालिमा छा गयी थी। उन्हें विश्वास हो गया था कि अब तेजस्वी चुनाव प्रचार नही करेगा।

हम आसानी से झूठ बोलकर, मनगढ़ंत कहानी रचकर चुनाव जीत जाएंगे। लेकिन मैं भाजपा वालो को यह बताना चाहता हूं कि मैं तब तक बेड रेस्ट नही लेने वाला हूँ, जब तक नरेन्द्र मोदी को बेड रेस्ट न करा दूं। भाजपा वाले चार जून को अंतिम सांस लेने वाले है। उन्हें चाचा भी नही बचा सकते है। पूर्व डिप्टी सीएम ने युवाओ को चुनावी सभा मे ललकारते हुए कहा कि देश की आजादी की लड़ाई में सुभाष चंद्र बोस ने आजाद हिंद फौज का निर्माण किया था और कहा था कि तुम हमे खून दो, मैं तुम्हे आजादी दूंगा। इसी तरह मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि आप हमे वोट दे, मैं आपको को नौकरी दूंगा। ये मोदी की गारंटी नही मेरी तेजस्वी की गारंटी है।

इसके पहले राजद नेता को स्थानीय इंडिया गठबंधन के लोगो ने फूल माला से भव्य स्वागत किया। इससे पहले बीजेपी नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने काराकाट में एनडीए प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। अमित शाह ने अपने भाषण में लालू यादव और राहुल गांधी पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि तेल पिलावन लाठी घुमावन का समय चला गया। एलईडी के राज में लालटेन नहीं चलेगा।

### बाइक चोरी कर भाग रहे युवक को पकड़कर किया पुलिस के हवाले

**पूर्णिया/धमदाहा, एजेंसी।** धमदाहा बाजार के मुख्य चौराहे स्थित बनमनखी स्टैंड से बाइक चोरी कर भाग रहे एक युवक को स्थानीय लोगों ने पकड़ कर जमकर धुलाई की और पुलिस के हवाले कर दिया है। बाजार वासियों द्वारा धुलाई के दौरान युवक ने धमदाहा बाजार से कई बाइक चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने चोर के निशानदेही छापामारी कर दो बाइक को बरामद किया है। धमदाहा थाना के अपर थानाध्यक्ष पवन कुमार चौधरी की अगुवाई में पुलिस द्वारा बिना नंबर के बाइक से भाग रहे एक युवक को खदेड़ कर बाइक सहित पड़कर थाना लाई है।

# यह नौतपा काल है, जिसमे अपने को बचने बचाने की जरूरत है

चाणक्यभूमि बेतिया



भीषण गर्मी से आमजनमानस परेशान है। मध्य दोपहरिया की गर्मी की बात तो अब बहुत दूर हो गयी है। सुबह के सात-आठ बजे से ही गर्मी की प्रचंडता शुरू हो जा रही है। भारत का आई एम डी (मौसम विभाग) ने तो उत्तर भारत के लिए हिटवेव का रेड अलर्ट जारी कर दिया है। उसने हिदायत किया है कि अधिक से अधिक समय छाव में ही व्यतित करे । बिना जरूरत धूप में घर से बाहर न निकले। शीतल जल का लगातार सेवन करे। मानव विज्ञान के अनुसार मनुष्य का शरीर अधिकतम 42 डिग्री सेलसियस तापमान की बर्दास्त कर सकता है। बशर्ते उसका शरीर स्वस्थ्य हो । स्वस्थ्य शरीर वालों लिए भी धूप से बचना अनिवार्य है। चूंकि मनुष्य का सामान्य शारीरिक तापमान 98 से 99 डिग्री के अन्दर ही होता है, जो असूनन 35 से 37 डिग्री सेलसियस के बराबर है। इस आधार पर अधिकतम 40 से 42 डिग्री सेलसियस प्राकृतिक ताप को बर्दाशत कर सकता है। लेकिन अधिक देर धूप में रहने पर कमजोरी शरीर में प्रवेश करने लगेगी, पसीना ज्यादा बाहर आने से कमजोरी एवं चक्कर आने की बीमारी प्रभावी होने लगेगी। इस कारण धूप से बचने का प्रयास लाभकारी होगा। चिकित्सकों का मानना है कि ऐसे प्रचंड गर्मी से सुगर एवं रक्तचाप की बीमारी बाले लोगों को बचकर रहना अनिवार्य है। फिजिशियन डॉक्टर राजेश श्रीवास्तव का कहना है, कि मधुमेह, रक्तचाप, थाइराइह के मरीजों को तपती धूप से अपने को अलग रखना चाहिए।

डा० राजेश श्रीवास्तव आमलोगों को सलाह देते है, कि नीबू पानी, घड़ा का ठंढा पानी, रसदार मौसमी फल, ग्लूकोज एवं सुपाच्य भोजन का सेवन करना चाहिए।

**• मधुमेह, रक्तचाप, हार्ट अटैक एवं थाइराइड के मरीज धूप से बचे- डॉक्टर राजेश श्रीवास्तव**

गर्मी की प्रचंडता की कहानी को अगर प्राचीन, काल से देखे तो एक बात यह भी सामने आती है, कि प्रायः प्रत्येक वर्ष 25 मई से 2 जून तक गर्मी की प्रचंडता अधिक रहती है। चूंकि जेष्ठ माह प्रारंभ हो जाता है। और प्रारंभ के दूसरे दिन से नौ दिनों तक सूर्य रोहणी नक्षत्र में रहता है। आचार्य पंडित अजय शास्त्री बताते है कि रोहिणी नक्षत्र में सूर्य के प्रवेश करते ही धरती तप जाती है।घर के छत, दीवालें तपने लगती है। यहीं कारण है, कि पहले विद्यालयों में माह मई के मध्य के बाद ग्रिष्म अवकाश हो जाया करता था। ताकि शिक्षक और शिक्षार्थी भीषण तपीस से बच सके। ऐसा माना जाता है, कि रोहणी नक्षत्र में सूर्य नौ दिनों तक रहता हैं जिस कारण धूप की प्रचंडता ज्यादा रहती है। भले ही मनुष्य परेशानी झेलता है, लेकिन भविष्य उसके लिए हितकारी होता है। इस अवधि में तेज लू चलता है, जिससे चूहों की प्रजननता क्षीण होती है। विषधर जीव जन्तुओं का विषहरण होता है और वे दुर्बल हो जाते है। खेतो के अंदर रहने वाले जीवाणु जो खरीफ फसल को क्षति पहुंचाते है.. इस अवधि में वे काल के गाल में चले जाते है।

चूंकि इसकाल में धरती में इतनी गर्मी रहती है कि वे किटाणु बर्दास्त नहीं कर पाते है और उनका क्षय हो जाता हैं । जो खरीफ फसल के किए हितकारी होता है। शास्त्रों एवं पंच्चागों में इस नौ दिवसीय अवधि को नौतपा काल कहा गया है। इस लू भरी गर्मी से बचने के लिए पहले के लोग पटसन एवं पटेर की चटाई पर, सोया करते थे। जो धरती के ताप को हदतक रोकने की क्षमता रखता है। आधा पेट सतु तथा भरपेट पानी पिया करते थे। चिनी मिश्री तथा नीबू का घोल पिया करते थे आज भी लोग दोपहरिया में पेड़ो के नीचे सोते बैठते हैं। बिना इच्छा के भी पानी पीते रहते है। इस प्रकार हर व्यक्ति की व्यक्तिगत जिम्मेवारी है, कि नौतपा की अवधि तक तो निश्चित रूप से धुप से अपने शरीर को बचावे | दिल्ली की होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ रीमा कुमारी के अनुसार बिना इच्छा के भी पानी पीते रहे कृत्रिम ढंठा पानी पीने से ज्यादा बेहतर ताजा पानी या घड़े का पानी है, इसे पीने से शरीर में शीतलता ज्यादा देर तक रहती है।

# टीकाकरण आशा कार्यकर्ताओं की पहली प्राथमिकता

चाण्क्य भूमि मझौलिया



सोमबार के अपराहन फेसिलेटर आवास पर सम्पन्न आशा कार्यकर्ताओ की एक बैठक में बीसीएम राजेश कुमार ने चुनाव ड्यूटी के दौरान मझौलिया में आशा कार्यकर्ताओं की बेहतर कार्यो की सराहना की। बैठक की अध्यक्षता आशा फेसिलेटर शायदा खानम ने की।इस अवसर पर बीसीएम ने कहा कि सर्वे और डिव लिस्ट में कोई कोताही नही बरती जायेगी।उन्होंने कहा कि आशा कार्यकर्ताओं को बहुत जल्द विभाग की ओर से टैब दिया जायेगा,ताकि सर्वे और टीकाकरण का कार्य सुचारू रूप से हो सके।मौके पर आशा कार्यकर्ताओं ने अपनी समस्याओ को रखा जिसका आन द स्पॉट निराकरण किया गया।इस अवसर पर वार्ड 06 की आशा कनक कुमारी,दुर्गा देबी,कांति देवी,ममता कुमारी,जुमेदा खातून,कलिमा खातून,अख्तरी बेगमसमेत एक दर्जन आशा कार्यकर्ता मौजूद रही।




# शराब समेत दो तस्कर गिरफ्तार बाईक जप्त



चाणक्य भूमी बैरिया

श्रीनगर थाना के पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रनाहा से 27 लीटर शराब समेत दो धंधेबाजों को धर दबोचा है। साथ ही एक बाईक भी जप्त की गई है।थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया की सूचना मिला की धंधेबाज गंडक दियारा के रास्ते शराब की खेप लेकर जाने वाला है। जिसकी भनक मिलते ही तुरंत पुलिस ने टीम गठित कर रनहा पहुंची। जहा पुलिस को देखते ही धंधेबाज भागने की कोशिश की जिसको पुलिस ने धर दबोचा ।तलाशी के दरम्यान 27 लीटर शराब बरामद हुईं। वही तस्करी के प्रयोग में लाई जा रही एक बाईक भी जप्त की है। शराब धंधेबाजों की पहचान बैरिया थाना क्षेत्र के बगही निमिया टोला निवासी विकास कुमार व भितहा निवासी नितेश कुमार के रूप के हुई है।जिसे पुलिस सोमवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

# प्रथम प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय जवाहरलाल नेहरू जी की पुण्यतिथि आयोजित



चाणक्य भूमी

**मोतिहारी।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय जवाहरलाल नेहरू जी की पुण्यतिथि जिला कांग्रेस पूर्वी चंपारण के अध्यक्ष इ० शशि भूषण राय उर्फ गप्पू राय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अवसर पर जिले के वरिष्ठ कांग्रेसगण एवं पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। मौके पर जिला अध्यक्ष ने कहा की नेहरू जी के आधुनिक भारत के निर्माता, औद्योगिकरण के जनक एवं विश्व में गुटनिरपेक्ष देश का नेतृत्व कर चुके थे।मौके पर महिला अध्यक्षा किरण कुशवाहा,कोषाध्यक्ष विजय शंकर पांडे जिला उपाध्यक्ष अखिलेश्वर प्रसाद उर्फ भाई जी , विजयकांत मणि त्रिपाठी, रामप्रवेश तिवारी, किरण कुमारी, दशरथ साह, अखिलेश्वर प्रसाद, विजय कुमार जायसवाल उर्फ मुनमुन जायसवाल, जावेद हुसैन, मोहम्मद कमरुद्दीन, जितेंद्र यादव, रंजीत पांडे, विजय कुमार, मोहम्मद नसीम आलम, मोहम्मद इरशाद अंसारी, इम्तियाज अहमद डॉ कुमकुम सिंह, विनय कुमार सिंह,विनय कुमार सिंह, अरुण प्रकाश पांडे, किशोरी सहनी, हीरालाल प्रसाद, राहुल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# शराब माफिया के घर से लोडेड हथियार बरामद

**जरूरत पड़ने पर विषम परिस्थिति में शराब माफिया हथियार का करते हैं इस्तेमाल**

चाणक्य भूमि बैरिया

पुलिस ने शराब माफिया पटखौली निवासी सफायत के घर पे छापेमारी की जिसमे लोडेड देशी हथियार तकिए के नीचे बरामद की गई।थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया की शराब कारोबारी तस्करी के दौरान बिसम परिस्थितियों से निपट के लिए इन हथियारों का प्रयोग करते है।जैसा की सफायेत के घर छापेमारी के दौरान लोडेड हथियार पुलिस ने बरामद की है।जो तस्करी के दौरान आत्म रक्षा के रूप में प्रयोग किए जाने वाले उसके घर से तकिए के नीचे से पुलिस ने हथियार बरामद की है।पुलिस कांड दर्ज करते हुवे मामले की छान बीन में जुटी हुई है।वही कारोबारी सफायत की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने अपना जल बिछाना सुरू कर दी है।जल्द ही कारोबारी सफायेत को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।




# युवक मौत मामले में पड़ोसियों ने एसपी को लिखा पत्र,खुद को बताया निर्दोष

चाणक्यभूमि



**नरकटियागंज** शहर के वार्ड 15 लोहापट्टी में रविवार को घटी युवक की संदिग्ध मौत मामले में पड़ोसियों ने शिकारपुर थाना,एसडीपीओ, एसपी और डीआईजी समेत सभी पुलिस अधिकारियों को पत्र लिखकर जांच की मांग की है। भेजे गए पत्र में मृत युवक के पड़ोसी विपिन प्रसाद केसरी ने बताया है कि मृत युवक गौरव कुमार केसरी के परिजन उसके पूरे परिवार समेत अन्य को हत्या के केस में फंसा देने की धमकी दे रहे है। 25 मई को वोटिंग के दिन मृत युवक समेत उसके माता पिता उसकी दुकान में आकर गाली गलौज कर चले गए।इसके पूर्व भी ऐसी घटना हो चुकी है और न्यायालय में इसकी सूचना दी जा चुकी है।उसने बताया है कि मृत युवक स्मैक का आदि था और नशे की लत के कारण ही उसकी मौत हुई है।घटना के दिन ही मृत युवक गौरव प्रकाश नगर मुहल्ले में गया था और उसकी कुछ लड़को से लड़ाई भी हुई थी।112 मोबाइल टीम ने उसे पकड़ा भी था।लेकिन उसके परिवार वालो के आरजू पर 112 टीम ने उसे छोड़ दिया था।इसके बाद रात्रि में घर में गौरव और उसकी मां के बीच झगड़ा का शोर सुनाई दिया और सुबह मौत की सूचना मिल गई फिलहाल पीड़ितों ने आवेदन देकर निष्पक्ष जांच पड़ताल कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग किया हैं।

# साधन के बढ़ते इस्तेमाल से मिला राज्य में माहवारी स्वच्छता को बल

चाणक्यभूमि पटना

**• माहवारी साधन के इस्तेमाल में वृद्धि ने बिहार को देश से किया आगे**

**• 26 जिलों के तीन-तीन प्रखंड में आयोजित होंगे जागरूकता कार्यक्रम**

इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि अब बिहार में महिलाएं व किशोरियां मासिक धर्म या माहवारी पर खुल कर चर्चा करती हैं। माहवारी के दौरान स्वच्छता के सुरक्षित तरीके अपनाती हैं। माहवारी पर बढ़ती चर्चा इनके साधनों के उपयोग के आंकड़ों पर भी दिखती है। राष्ट्रीय फैमिली हेल्थ सर्वे 4 के मुताबिक, एनएफएचएस-5 में देश ने माहवारी साधन में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी की, जबकि बिहार ने इसमें देश से ज्यादा 27 प्रतिशत की अच्छी वृद्धि की है। एनएफएचएस-5 के अनुसार, अब 58 प्रतिशत लड़कियां और महिलाएं सुरक्षित माहवारी का साधन इस्तेमाल करती हैं। माहवारी स्वच्छता के बढ़ते आंकड़ों की नींव उसी समय पड़ गयी थी जब बिहार वर्ष 1990 में मासिक धर्म के दिनों में महिलाओं को विशेष अवकाश देने वाला देश का पहला राज्य बना था।

स्वास्थ्य विभाग के सचिव सह राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक संजय कुमार सिंह ने इस सम्बन्ध में सभी सिविल सर्जन को लिखे पत्र में कहा है कि समुदाय के बीच मासिक धर्म देखभाल, मासिक स्वच्छता एवं उस दौरान आने वाली समस्याओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने हेतु राज्य के 26 जिलों में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरकेएसके) के तहत माहवारी स्वच्छता दिवस मनाया जाएगा। पत्र में कहा गया है कि इन 26 जिलों के चयनित तीन प्रखंड में 31 मई तक शैक्षणिक कार्यशाला एवं सेमिनार का आयोजन किया जाएगा जिसमें रैली, क्विज कम्पटीशन, पोस्टर कम्पटीशन, वाद विवाद प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जाएगा तथा विजेताओं के बीच पुरस्कार वितरण किया जाएगा। इसके अलावा विद्यालयों में जागरूकता सत्रों का आयोजन बालिका मध्य विद्यालय अथवा महाविद्यालय परिसर में आयोजित किए जाएँगे।

प्रयासों से महिलाओं व किशोरियों को जोड़ती योजनाएं

इसमें कोई शक नहीं कि लड़कियों के लिए सुरक्षित माहवारी के सम्बन्ध में राज्य के प्रयास सराहनीय हैं। माहवारी स्वच्छता सुरक्षा-चक्र से छूट गईं महिलाओं तथा किशोरियों के लिए राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत वृहत स्वास्थ्य कार्यक्रम संचालित किए हैं जिनमें युवा क्लीनिक, माहवारी स्वच्छता कार्यक्रम, साप्ताहिक आयरन फोलिक एसिड अनुपूरक और पीयर एडुकेटर कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। राज्य के 10 उच्च प्राथमिकता वाले जिलों में युवा क्लीनिक की स्थापना की गयी है।

**विद्यालय नहीं जाने वाली किशोरियों को भी नैपकिन:**राज्य के सभी जिलों में मासिक स्वच्छता कार्यक्रम के तहत यह कार्यक्रम क्रियान्वित किया जाता है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय नहीं जाने वाली किशोरियों को भी आशा द्वारा सामाजिक विपणन के माध्यम से सेनेटरी नैपकिन (प्रति पैकेट छह रुपए) वितरित किया जाता है। विद्यालय जाने वाली किशोरियों को शिक्षा विभाग के माध्यम से सेनेटरी नैपकिन हेतु वर्ष में एक बार एकमुश्त राशि उपलब्ध कराई जाती है। इन योजनाओं से वैसी किशोरियों और महिलाओं को मासिक स्वच्छता के दौरान सहायता मिलती है जो सुरक्षित माहवारी के साधन का उपयोग नहीं कर पाती थीं।










# बीसीए अध्यक्ष राकेश तिवारी के कुकृत्यों का पर्दाफाश

चाणक्यभूमि



**मोतिहारी।** क्रिकेट में घटित हाल के घटनाक्रम के संदर्भ में ज्ञानेश्वर गौतम(चेयरमैन एडहॉक कमिटि इसीडीसीए) के द्वारा एक प्रेस-कॉन्फ्रेंस का आयोजन बेलबनवा स्थित निजी कार्यालय में किया गया।प्रेस को संबोधित करते हुए श्री गौतम ने बीसीए के अध्यक्ष राकेश तिवारी पर कड़ा हमला करते हुए कहा कि उनके द्वारा पू.च. जिला क्रिकेट को अस्थिर करने का जो प्रयास किया जा रहा उसे सफल नही होने दिया जाएगा।श्री गौतम ने उन्हें चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी हाल में बीसीए अध्यक्ष राकेश तिवारी के मंसूबे को सफल नही होने दिया जाएगा।साथ ही श्री गौतम ने बताया कि संवैधानिक तौर पर पू.च. में अभी कोई क्रिकेट कमिटी नही हैं।लोकसभा चुनाव सम्पन्न होने के उपरांत जल्द पू.च. में संवैधानिक तरीके से जिला क्रिकेट कमिटि का गठन किया जाएगा।बीसीए अध्यक्ष राकेश तिवारी के द्वारा मेरे कार्य पर गलत तरीके से रोक लगाने का प्रयास किया जा रहा हैं जिसमे वे कभी सफल नही हो पायेंगे।पू.च.क्रिकेट में मेरे व रवि राज के बीच किसी तरह का विवाद नही हैं लेकिन श्री तिवारी द्वारा दबाव की राजनीति के तहत विवाद उत्पन्न करने का प्रयास किया जा रहा हैं।क्रिकेट एक जेंटलमैन गेम है लेकिन ठीक इसके विपरीत बीसीए अध्यक्ष कार्य कर रहे हैं।उनके द्वारा पूरे बिहार क्रिकेट पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा हैं।उनके द्वारा बीसीए में जबरदस्त वितीय अनियमितता की जा रही हैं जिसका समय समय पर सामने लाया जा रहा हैं।बिहार के बाहर के खिलाड़ी को पैसे के बल पर बिहार से खेला कर बिहारी खिलाड़ियों का अपमान अब बर्दास्त के बाहर है।अतिश्योक्ति नही होगी की ये खबर किसी दिन आए की राकेश तिवारी खिलाड़ियों के द्वारा पीटे गए,या मुंह पर कालिख पोत दिया खिलाड़ियों ने।भ्रष्टाचार की गंगोत्री बिहार में बह रही है जिसे हर हाल में रोका जाएगा, पूर्वी चंपारण का खेल किसी भी स्थिति में प्रभावित नही होगा चाहे कितनी भी साजिश रच ले अध्यक्ष।अध्यक्ष की तानाशाही अब अंतिम चरण में है,बहुत जल्द अध्यक्ष अपने कुकृतयो की वजह से जेल में चक्की पिसते नजर आएंगे।










स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प० चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714